>

Title: Need to take steps to provide railway facilities in Bastar district, Chhattisgarh.

श्री मोहन मण्डावी (कांकेर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे बस्तर जिले में रेल का अभाव है । धमतरी से कांकेर और कांकेर से कोंडागांव और जगदलपुर को जोड़ने का प्रयास किया जाए, क्योंकि छत्तीसगढ़ को बस्तर जिला सबसे ज्यादा आय देता है । आज भी बस्तर के 95 प्रतिशत लोगों ने रेल को नहीं देखा है । वे हमसे यह पूछते हैं कि रेल और ट्रेन में क्या अंतर है? आज लोगों में बहुत विश्वास है कि मेरे आने से और माननीय मोदी जी नेतृत्व में निश्चित रूप से रेल लाइन का विकास होगा ।…(व्यवधान)

"देत लेत मन संक न धरई, बल अनुमान सदा हित करई,

विपति काल कर सतगुन नेहा, श्रुति कह संत मित्र गुन एहा ।"

माननीय मोदी जी, देने-लेने में कहीं संकोच नहीं करते हैं । लेकिन हमारा बस्तर जिला अभी भी अछूता है ।

"दैहिक दैविक भौतिक तापा, मोदी राज, नहिं काहुहि ब्यापा ।"

माननीय मोदी जी, के राज में किसी को भी किसी प्रकार की तकलीफ नहीं होनी चाहिए । बस्तर जिले को सबसे ज्यादा महत्व देना चाहिए । हमारे बस्तर में संसार का सबसे अधिक लोहा होता है ।